
हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

11 सड़कें बनते ही उखड़ रहीं, नागरिक परेशान



12 तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर संपन्न



## खबर संक्षेप



### दूबलधन में 28 को मनाएंगे संत कबीर प्रकट दिवस

**झज्जर।** गांव दूबलधन में 28 जून को संत कबीर प्रकट दिवस पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसी सिलसिले में वीरवार को धानक समाज के लोग डीसी वर्षा खांगवाल से मिलने पहुंचे। भारतीय धानक, धानुक, धानका वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सूरजमल निन्यानिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने डीसी को निमंत्रण पत्र सौंपा। इस मौके पर भीम सिंह किराड़, धर्मवीर सिंह किराड़, मास्टर राकेश, मास्टर अजय, मुकेश कुमार, एडवोकेट रवि इंदौरा, राजल, पहलवान मंगतराम नंबरदार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बाकरा हेड में मिले शव की नहीं हुई पहचान

**झज्जर।** करीब पांच दिन पूर्व क्षेत्र के बाकरा हेड में मिले युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पहचान न होने के कारण पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के बाद वीरवार को शव का अंतिम संस्कार कराया गया। मामले के जांच अधिकारी मिथुन कुमार ने बताया कि क्षेत्र के बाकरा हेड में एक युवक का शव मिला था। शव गली-सड़ी हालत में था। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराते हुए शव को 72 घंटों के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा कर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे थे।

### विधायक राजेश जून ने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी

# सोलधा में 55 लाख से बनेगा उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सोलधा में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक राजेश जून ने वीरवार को करीब 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है और गांव सोलधा का यह उप स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। विधायक राजेश जून ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और आशीर्वाद से बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। सड़क, पेयजल, सीवरेज, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में लगातार विकास परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य शहरों के साथ-साथ गांवों में भी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है ताकि लोगों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद गांव सोलधा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी। इससे छोटे-मोटे उपचार और स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने की अपील भी की। यदि कहीं भी निर्माण कार्य में लापरवाही, घटिया सामग्री के उपयोग या किसी प्रकार की अनियमितता दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत उन्हें या संबंधित अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। सरपंच लक्ष्मी प्रदीप काजला समेत सभी ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू होने पर विधायक का आभार व्यक्त किया।

**विधायक ने ग्रामीणों से की अपील-कार्य की गुणवत्ता पर रखें नजर, भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा**



**बहादुरगढ़।** सोलधा में नींव रखते विधायक राजेश जून।

### परनाला में 20 लाख से बनेगा हॉल

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला में सरकारी स्कूल व शिव मंदिर के नजदीक जिला परिषद की ग्रांट से 20 लाख रुपये की लागत से मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण होगा। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी और राठी खाप के प्रधान रणबीर राठी की मौजूदगी में नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही का ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। रविंद्र छिल्लर ने कहा कि गांवों का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। मल्टीपर्पज हॉल के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।



# सोलधा-मुंढेला रोड पर वेयरहाउस में लगी आग



बहादुरगढ़। मुंढेला रोड पर वेयर हाउस में लगी आग को बुझाते कर्मचारी।

■ आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सोलधा से मुंढेला रोड पर स्थित एक वेयरहाउस में वीरवार शाम अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग ने देखते ही देखते वेयरहाउस के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा सामान भी प्रभावित हुआ। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद वेयरहाउस से धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटा है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# जितेंद्र हत्याकांड में एक और आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीआईए की एक टीम द्वारा डीघल के जितेंद्र हत्याकांड में शामिल एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर फौगाट ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचना तंत्र एवं अन्य वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर पुलिस जांच कर रही थी। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने अमित निवासी गांव गांगटान, जिला झज्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व पुलिस ने इस हत्याकांड में एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया था। बता दें कि 2-3 जून को देर रात गांव डीघल निवासी जितेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



# दिनभर धूप ने किया परेशान, शाम को चली आंधी

■ अधिकतम तापमान 39 डिग्री व न्यूनतम 28 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर/बहादुरगढ़

वीरवार दिनभर तेज धूप से लोगों का हाल बेहाल रहा, वहीं शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ तेज धूल भरी आंधी चली, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। तेज आंधी और हल्की बूंदाबादी के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बाहरी क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। हालांकि आंधी चलने की वजह से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा।

वीरवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।



**झज्जर।** तेज आंधी के बीच से गुजरते हुए वाहन।





बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।





### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाता है। *

## योग अपनाएं!

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल



जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।
घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

## मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

## इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी




सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *





**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!



वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *



कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अक्सर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।



## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया


साक्षी, रायपुर


सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। दोनों कथित आरोपी।

### चोरी के शक में पकड़े गए दो युवकों को बांधकर पीटा

**सोनीपत।** मेहंदीपुर पंचायत के अंतर्गत गढ़ी गांव में चोरी के संदेह में पकड़े गए दो युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ ग्रामीणों ने दोनों युवकों को बंधक बनाकर उनके हाथ-पैर बांध दिए और कड़ी धूप में बैठाकर पिटाई की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, गढ़ी गांव के खेतों में कथित तौर पर चोरी की वारदात को अंजाम देने के संदेह में दो युवकों को काबू किया गया था। आरोप है कि वहां मौजूद किसानों ने पुलिस को इस बात की सूचना देने के बजाय खुद ही सजा देना शुरू कर दिया। दोनों युवकों के हाथ और पैरों के बीच डंडा फंसाकर उन्हें रस्सी से बुरी तरह बांध दिया गया और खेत में ले जाकर तेज धूप में जमीन पर बैठा दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कुछ लोग दोनों युवकों से उनका नाम, गांव, पिता और दादा का नाम पूछते हुए दिखाई दे रहे हैं और साथ ही उनकी पिटाई भी कर रहे हैं। वीडियो में एक युवक हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए कह रहा है कि वह कहीं नहीं जाएगा, बस उसके हाथ खोल दिए जाएं। ग्रामीणों ने दोनों से भविष्य में चोरी न करने का वादा लिया और काफी देर तक पूछताछ व फटकार लगाने के बाद उन्हें छोड़ दिया।

### महिला की चेन लूटकर भाग रहे बदमाशों को लोगों ने खंभे से बांधा

सोनीपत। औद्योगिक क्षेत्र में मंदिर से पूजा कर घर लौट रही एक महिला से चेन लूटकर भाग रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया। लोगों ने दोनों आरोपियों को बिजली के खंभे से बांध दिया । घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक महिला औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे और आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर चेन लूटने का प्रयास किया। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से भागने लगे।

## लोगों ने उठाए जर्जर हो रही नई सड़कों की गुणवत्ता और जवाबदेही पर सवाल

# शहर की सड़कें बनते ही उखड़ रहीं शिकायतों के बाद भी सुधार नहीं

**सड़क की ऊपरी परत टूटने, गड्ढे बनने और किनारों से खराब होने का है लोगों का आरोप**



धर्मपुरा में कुछ दिनों पहले बनी सड़क ही हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। कई स्थानों पर हाल ही में बनी सड़कें कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी हैं। सड़क की ऊपरी परत टूटने, गड्ढे बनने और किनारों के बिखरने से लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब भी सड़क खराब होने की शिकायत की जाती है तो संबंधित अधिकारी दोबारा मरम्मत या निर्माण का आश्वासन देकर मामला शांत कर देते हैं। कुछ स्थानों पर पैचवर्क भी किया जाता है, लेकिन कुछ ही समय बाद सड़क फिर से टूट जाती है। लोगों का कहना है कि यह सिलसिला जारी है और जिम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं हो रही। यदि सड़क निर्माण निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुसार हो तो नई सड़क कुछ दिनों में खराब नहीं हो सकती। ऐसे में बार-बार होने वाले निर्माण कार्यों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जनता के टैक्स का पैसा खर्च हो रहा है, इसलिए निर्माण कार्यों की स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए।

सिटी पल्स

### मानकों का पालन जरूरी



अरुण पाहुजा के अनुसार नई सड़क बनने पर लगता है कि अब राहत मिलेगी, लेकिन कुछ दिनों बाद ही गड्ढे नजर आने लगते हैं। शिकायत करो तो अधिकारी मरम्मत का भरोसा देते हैं और फिर कुछ समय बाद वही समस्या खड़ी हो जाती है। सड़क निर्माण के दौरान सामग्री की गुणवत्ता, मोटाई, जल निकासी व्यवस्था और तकनीकी मानकों का पालन बेहद जरूरी होता है। यदि इन पहलुओं में लापरवाही बरती जाए तो सड़क की उम्र घट जाती है।

### भ्रष्टाचार का उदाहरण उजागर



महेंद्र सिंह बल्ली का कहना है कि सड़कें बनते ही उखड़ रही हैं। इससे बड़ा भ्रष्टाचार का उदाहरण क्या हो सकता है। जनता को सिर्फ आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार दिखाई नहीं देता। सड़क निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच होनी चाहिए। अगर कहीं गड़बड़ी मिली है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जनता के पैसे की बर्बादी और लोगों की परेशानी का सिलसिला रुकना चाहिए।

### विकाय कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हो ठोस कार्रवाई



भाग सिंह का कहना है कि अगर सड़क निर्धारित समय से पहले खराब हो रही है तो संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। केवल दोबारा मरम्मत कर देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उनके अनुसार जब तक निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक नई सड़कें बनती रहेंगी और कुछ ही समय बाद फिर टूटती रहेंगी। विकाय कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्रवाई होनी ही चाहिए।



बहादुरगढ़। ग्राम सभा में योजना की जानकारी देते श्याम अहलावत।

## पंचायत के हवाले होगी खेड़का गुर्जर की पेयजल योजना

- बीआरसी दिनेश ने पेयजल आपूर्ति की शुद्धता एवं गुणवत्ता पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव खेड़का गुर्जर में जल जीवन मिशन के तहत वीरवार को विशेष ग्राम सभा हुई। जिसमें ग्रामीणों की मौजूदगी में ग्राम पंचायत व पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के बीच अनुबंध की रुपरेखा तय हुई। जल नीति-2026 के तहत सरकार व सामुदायिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए पेयजल योजना संचालन एवं रखरखाव के कार्य का जिम्मा ग्राम पंचायत अर्थात ग्राम जल एवं सीवरेज कमेटी को सौंपे जाने के मसौदे पर हस्ताक्षर हुए।

मुख्यातिथि के तौर पर पधारे जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार श्याम अहलावत ने पेयजल योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव ग्राम पंचायत के साथ ग्राम जल एवं स्वच्छता कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से करने की रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें उन्होंने तीनों पक्षों के अधिकार एवं कर्तव्यों के साथ साथ निर्धारित सीमाओं के बारे में भी बताया। बादली खंड की बीआरसी मीनू वत्स ने पेयजल योजना के संचालन एवं रखरखाव के लिए ग्राम पंचायत एवं कमेटी को सरकार से मिलने वाली सहायता राशि पर प्रकाश डाला। केंद्र सरकार से पंचायत को मिलने वाले टाइड बजट का 60 प्रतिशत जल एवं स्वच्छता पर खर्च करने का प्रावधान है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक तिमाही पर योजना की लाभान्वित प्रत्येक ग्राम पंचायत को अनुमानित बजट जारी किया जायेगा। ग्रामीणों द्वारा अदा किए गए पेयजल उपभोगता बिलों की राशि सरकार द्वारा निर्धारित पंचायत खाते में डालने के साथ साथ उतनी ही राशि सरकार अनुदान के तौर पर देगी। बीआरसी दिनेश ने पेयजल आपूर्ति की शुद्धता एवं गुणवत्ता पर विशेष प्रकाश डाला।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिए साइबर क्राइम से बचाव के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को नशा मुक्ति टीम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। एएसआई पवन कुमार, मुख्य सिपाही सपना और एसपीओ सुरेंद्र कुमार की टीम ने महिलाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने महिलाओं से अपने परिवार और आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा नशा संबंधी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आह्वान किया। इसके अलावा महिलाओं को आपातकालीन सहायता सेवा डायल-112 की उपयोगिता, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकारों और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुरक्षा सेवाओं की भी जानकारी साझा की गई।



झज्जर। महिलाओं को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने बूथों पर एसआईआर से जुड़े कार्यों का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसडीएम अभिनव सिवाच के साथ वीरवार को बहादुरगढ़ हलके के कई बूथों का दौरा कर एसआईआर से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से एसआईआर संबंधी कार्यों का विस्तृत ब्योरा लिया। साथ ही लघु सचिवालय में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी वर्षा खांगवाल ने शहर के अलावा बीर बरकताबाद के बूथों पर चल रहे गणना प्रपत्र संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदाता फॉर्म वितरण, प्राप्त जानकारी और अपडेट प्रक्रिया को लेकर जरूरी निर्देश भी दिए। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना है। आमजन एसआईआर प्रक्रिया को लेकर किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं और बीएलओ द्वारा दिए जा रहे फॉर्म में अपनी पूरी व सही जानकारी भरकर वापिस बीएलओ को देकर उनका सहयोग करें।



बहादुरगढ़। बूथों पर बीएलओ से जानकारी लेती डीसी वर्षा खांगवाल व एसडीएम।

### एसआईआर का उद्देश्य त्रुटि रहित वोटर लिस्ट तैयार करना

झज्जर। वीरवार को डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसआईआर कार्य की मॉनिटरिंग के उद्देश्य से के गांव छारा, डीघल, रोहद सहित कई गांवों में बने बूथों का निरीक्षण करते हुए बीएलओ से एनुमरेशन फार्म वितरण की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कहा कि कोई भी योग्य एवं पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति निर्वाचक नामावली में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्धेश्य त्रुटि रहित वोटर लिस्ट तैयार करना है।



झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एडीसी जगनिवास।

## एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान उपलब्ध करवाना है, ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि फीडबैक प्रणाली को भी सुदृढ़ किया जाए। जिससे यह आकलन किया जा सके कि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट है या नहीं।

## हेल्थकेयर के साथ इबोला वायरस की रोकथाम को लेकर की विस्तार से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एवं हस्पताल गिरावड़ में वीरवार को हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के लिए एक गहन और उच्च-स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इबोला वायरस बीमारी के संभावित खतरे से निपटने व क्लिनिकल सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में फैकल्टी, पोस्ट-ग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य हेल्थकेयर वर्कर ने भाग लिया। कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के आधुनिक तरीकों तथा बायो-मेडिकल कचरे के प्रबंधन के लिए मौजूद नियमों पर चर्चा की और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने मामलों का पता लगाने और बीमारी को फैलने से रोकने में महामारी विज्ञान से जुड़े टूल्स की अहम भूमिका पर चर्चा की। कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कॉलेज के डीन, चिकित्सा अधीक्षक एवं माइक्रोबायोलॉजी तथा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष ने जागरूकता कार्यक्रम के व्यावहारिक दृष्टिकोण से सराहना की।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित हेल्थकेयर के विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कंपनी में कर्मचारियों को जागरूक करती अधिवक्ता।

## बाल श्रम कानून की जानकारी दी

बहादुरगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेसी कॉलेज ऑफ लॉ और एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को औद्योगिक क्षेत्र में बाल श्रम रोकथाम जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को बाल श्रम के खिलाफ एकजुट कर इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन के लिए प्रेरित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों और ढाबों पर जाकर श्रमिकों, संचालकों एवं आमजन को बाल श्रम के दुष्प्रभावों तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनी अपराध है और बच्चों से श्रम करवाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानून में सजा और जुर्माने दोनों का प्रावधान है। पैनल एडवोकेट वर्षा कनौजिया ने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य नहीं करवाया जा सकता। जबकि 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों को खतरनाक उद्योगों एवं व्यवसायों में कार्य पर नहीं लगाया जा सकता। एडवोकेट लक्ष्मी ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बाल श्रम के खिलाफ जागरूक होकर इसे रोकने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलंटियर नीता, छात्र तुषार, तुशांक, खुशी, आकृति, समृद्धि और कृष आदि ने बाल श्रम मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

### बिजली की शिकायतें दर्ज कराने में हो रही परेशानी

**बहादुरगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर आमजन के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। भाजपा नेता जसबीर सैनी के अनुसार अधिकांश समय ये नंबर या तो व्यस्त मिलते हैं या फिर संपर्क से बाहर रहते हैं। इससे बिजली संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढने के साथ ही फाल्ट और कटौती की शिकायतें भी बढ़ जाती हैं। जसबीर सैनी ने कहा कि शिकायत केंद्रों की व्यवस्था को तकनीकी रूप से मजबूत किया जाए।

## टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट कवरेज बढ़ाने व निक्षय मित्र बनाने पर दिया जोर

# टीबी मुक्त भारत एप व खुशी चैटबॉट के उपयोग की दी प्रेरणा

**बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर किया विस्तार से मंथन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डिप्टी सिविल सर्जन टीबी डॉक्टर निधि मोमिया ने की। बैठक के दौरान प्रथम इंडिकेटर टीबी मुक्त भारत ऐप एवं खुशी चैटबॉट के उपयोग पर विशेष बल दिया गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के समस्त स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, संस्थानों स्टाफ व क्षेत्र के पंच-सरपंचों के मोबाइल में टीबी मुक्त भारत एप इंस्टॉल करवाकर उन्हें निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। द्वितीय इंडिकेटर के रूप में टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट कवरेज बढ़ाने पर चर्चा की गई। प्रत्येक टीबी रोगी के कम से कम चार घरेलू संपर्कों की पहचान कर उन्हें टीपीटी के लिए नामांकित करने तथा उनकी निक्षय पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तृतीय इंडिकेटर के रूप में फिक्स्ड एवं हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों के अधिकतम उपयोग पर बल दिया गया तथा सभी एक्स-रे एवं परीक्षणों की समयबद्ध पोर्टल एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डॉक्टर निधि मोमिया ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे टीबी संदिग्धों में अपफ्रंट न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट को प्राथमिकता दी जाए। जिन डीएमसी केंद्रों पर ट्रूनैट मशीन उपलब्ध नहीं है, वे निकटतम सुविधा केंद्र पर यह जांच कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त राज्य टीम के सहयोग से सभी प्रतिभागियों को आभा फेस ऑथेंटिकेशन संबंधी मोबाइल आधारित हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस मौके पर कोर्डिनेटर शमशेर व डिस्ट्रिक प्रोग्राम मैनेजर मीनाक्षी ने निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत सभी टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध करवाने तथा पोषण किट वितरण की शत-प्रतिशत प्रविष्टि निक्षय पोर्टल पर सुनिश्चित करने की बात कही।



झज्जर। बैठक में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर निधि मोमिया। फोटो : हरिभूमि

### बाइक सवार युवक का अपहरण कर मारपीट

**खरखौदा।** सैदपुर चौकी क्षेत्र में एक युवक के अपहरण, मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बहादुरगढ़ के अशोक नगर निवासी दीपक ने पुलिस को बताया कि 16 जून की रात वह बाइक पर अपनी मौसी के घर जा रहा था। रास्ते में एक स्कॉर्पियो सवार 5-6 युवकों ने उसकी बाइक रोक ली। आरोप है कि युवकों ने पिस्तौल के बल पर उसे जबरन गाड़ी में बैठाया और गांव गोपालपुर के खेतों में ले जाकर डंडों व बेसबॉल बैट से मारपीट की।

NOTICE

In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh

Prem etc. Versus Ramesh etc.
Partition Application: 654/T of 2024
Date of hearing: 03.07.2026

1. Raj Kumar S/o Chajju Ram S/o Lal Singh 2. Dharambir S/o Chajju Ram S/o Lal Singh All R/o Village Mandothi, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar

Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court. that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served. in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents. name above to appear before this court on 03-07-2026 personally or through their. counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them.

Given under my hand and the seal of the court.

Sd/-Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh

NOTICE

In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh

Saroj etc. Versus Om Parkash etc.
Partition Application: 665/T of 2026,
Date of hearing: 03.07.2026

1. Om Parkash S/o Kundan S/o Ram Singh, 2. Fateh Singh S/o Kundan S/o Ram Singh, 3. Babu Ram S/o Kundan S/o Ram Singh, 4. Rajbala D/o Nihal Singh S/o Ram Singh, 5. Misla D/o Nihal Singh S/o Ram Singh 6. Kartar S/o Kundan S/o Ram Singh, 7. Sunita W/o Jitender S/o Bijender, 8. Kavita W/o Anil Kumar S/o Ishwar Singh, 9. Kamlesh Wd/o Rohtash S/o Nihal Singh, 10. Rajender S/o Rohtash S/o Nihal Singh, 11. Geeta D/o Rohtash S/o Nihal Singh, 12. Reeta D/o Rohtash S/o Nihal Singh, 13. Sheetal S/o Rohtash S/o Nihal Singh, 14. Mange Ram S/o Maya D/o Nihal Singh, 15. Sonu S/o Maya D/o Nihal Singh, 16. Vinod S/o Maya D/o Nihal Singh, 17. Jogendra Wd/o Khazan S/o Kundan, 18. Tarun S/o Khazan S/o Kundan, 19. Naresh S/o Khazan S/o Kundan All R/o Village Brakhtabad (Naya Gaon), Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar

Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court. that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served. in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents.

name above to appear before this court on 03.07.2026 personally or through their. counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them.

Given under my hand and the seal of the court.

Sd/-Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh

## खबर संक्षेप

### सीएसडी और ईसीएचएस एक परिसर में बनाने की मांग

**बहादुरगढ़।** त्रिवेणी पूर्व सैनिक संगठन से जुड़े पूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपकर बहादुरगढ़ में सीएसडी कैंटीन और ईसीएचएस डिस्पेंसरी दोनों सुविधाओं को वाहन पार्किंग के साथ एक ही छत के नीचे स्थापित करने के लिए नया भवन बनाने की मांग की। पूर्व सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल अपने अध्यक्ष श्रीनिवास छिकारा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला और अपना ज्ञापन सौंपा। विधायक राजेश जून भी इस अवसर पर पूर्व सैनिकों के साथ रहे। उनके अनुसार सरकार इन दोनों सेवा केंद्रों को वाहन पार्किंग सुविधा के साथ पुराने अदालत परिसर के निकट स्थित रक्षा मंत्रालय की जमीन पर एक ही छत के नीचे बना दे तो पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को बड़ी सुविधा मिल सकती है।

### पुण्यतिथि पर लक्ष्मीबाई को किया नमन

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि पर समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस, वीरता और देशभक्ति के प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रशिक्षकों एवं आयुष विभाग के कर्मियों को दी जानकारी

# तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिखाए गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम वीरवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए योग प्रशिक्षकों एवं आयुष विभाग के कर्मियों को योग प्रोटोकॉल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

आयुष विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक राजेश जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी सौंपा। जिला आयुर्वेद अधिकारी (डीएओ) डॉ. संगीता हुड्डा के निर्देशानुसार हुए समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिंसिपल रवि तथा कर्मबीर तहलान ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. नीलम पवार ने की। डॉ. योगेश और निशा कल्याण सहित सभी आयुष योग सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों को योग प्रोटोकॉल के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया गया। साथ ही योग दिवस के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। डॉ. नीलम पवार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। ब्लॉक नोडल अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।



**बहादुरगढ़।** प्रिंसिपल कर्मबीर तहलान को पौधा भेंट करते आयुष योग सहायक।



**झज्जर।** कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक।

## योग व्यक्ति को दिलाता है मानसिक तनाव से मुक्ति

**झज्जर।** वीरवार को तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का समापन हो गया। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि योग व्यक्ति को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी सशक्त बनाता है। उन्होंने बताया कि आज की व्यस्त जीवनशैली में तनाव और मानसिक दबाव एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। ऐसे में योग तनाव प्रबंधन का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ती है, एकाग्रता मजबूत होती है और सकारात्मक सोच के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रोडवेज वर्कशाप में शुक्रवार सुबह छह से आठ बजे तक फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। वहीं जिला योग समन्वयक डॉक्टर पवन देशवाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह दस बजे प्राचीन गुरूकुल महाविद्यालय में योग संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।



**झज्जर।** शिविर के दौरान योगाभ्यास करते हुए नागरिक।

## छात्राओं को बताया तनावमुक्त जीवन व स्वस्थ दिनचर्या के लिए योग का महत्व

- योग प्रशिक्षक इंद्रजीत ने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग की विस्तृत जानकारी दी
- छात्राओं को प्राणायाम, ध्यान और अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वीरवार को विशेष योग कक्षा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को तनावमुक्त जीवन, बेहतर एकाग्रता तथा स्वस्थ दिनचर्या के लिए योग के महत्व से अवगत कराना रहा। डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग तथा योग प्रशिक्षक इंद्रजीत द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। योग प्रशिक्षक इंद्रजीत ने छात्राओं से कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और योग व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि की विस्तृत जानकारी दी तथा इनके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला।

योग सत्र के दौरान छात्राओं को प्राणायाम, ध्यान और अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया गया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर अनु बरवड़ ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज किया गया योग भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य की नींव रखता है।

कार्यक्रम में बीए, बीकॉम और बीएससी संकाय की 100 से अधिक छात्राओं तथा महाविद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग ने संतुलित खान-पान और नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी।

## ब्रेन फॉग बढ़े तो डॉक्टरी सलाह जरूरी : डॉ. मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



आप कभी किसी कमरे में जाकर वहां जाने का कारण भूल जाना, वार्तालाप के दौरान सही शब्द याद करने में कठिनाई होना और सामान्य काम में भी मानसिक थकावट लगना ब्रेन फॉग का अनुभव करवाता है। चिकित्सकों के अनुसार ब्रेन फॉग स्वयं कोई बीमारी नहीं है, लेकिन यह सोचने, याद रखने और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

आमतौर पर मानसिक सुस्ती या दिमाग पर छाए धुंधलेपन को ब्रेन फॉग के रूप में महसूस किया जाता है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग के न्यूरोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. मनोज खनल ने बताया कि तनाव ब्रेन फॉग का सबसे आम कारणों में से एक है।

जब तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो मस्तिष्क की जानकारी को प्रोसेस करने और एकाग्रता बनाए रखने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। कई चिंताएं एक साथ दिमाग पर हावी हो जाएं तो ध्यान भटकना, काम अधूरा रह जाना, याददाश्त कमजोर होना और एकाग्रता कम होना स्वाभाविक है। इसके अलावा शोक, रिश्तों में तनाव, कार्यस्थल का दबाव या किसी की देखभाल की जिम्मेदारी जैसी भावनात्मक चुनौतियां भी मानसिक थकान पैदा कर सकती हैं। विटामिन बी12, विटामिन डी और आयरन की कमी जैसी पोषण संबंधी कमियां भी याददाश्त और सोचने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।

ब्रेन फॉग कई सप्ताह या महीनों तक बना रहे, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन के बाद भी ठीक न हो, कामकाज या दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करने लगे, अचानक शुरू हो जाए या लगातार बढ़ता जाए, तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है।

## नेत्रहीनों को मिला शीतल जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

धर्म केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा में भी बसता है। यह बात वीरवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला ने नेत्रहीन विद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के लिए शीतल पेयजल व्यवस्था करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज नेत्रहीन विद्यालय में शीतल जल की व्यवस्था कर उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई है। उनका दृढ़ विश्वास है कि परोपकार और सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का नाम ही सच्चा धर्म है। भारतीय संस्कृति हमें सेवा, करुणा और परोपकार का संदेश देती है। जब हम किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं, तभी हमारे कर्म वास्तव में सार्थक होते हैं। सेवा का प्रत्येक छोटा कार्य भी समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखता है। इस दौरान संचालक अजीत सिंह भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** नेत्रहीन विद्यालय में वाटर कूलर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित गीतांशु चावला।

### गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा सचखंड साहिब में कीर्तन

## संगत ने छबील लगाकर बांटा मीठा जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पांचवें सिख गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर वीरवार को शहर के गुरुद्वारा सचखंड साहिब में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में कीर्तन एवं गुरबाणी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने उपस्थित होकर गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कीर्तन के दौरान रागी जत्थों ने गुरबाणी का गायन कर संगत को गुरु अर्जन देव जी के त्याग, बलिदान और मानवता के प्रति उनके योगदान से अवगत कराया। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में माथा टेककर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की अरदास की। धार्मिक कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की ओर से पुराना नजफगढ़ रोड पर छबील लगाई गई। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और श्रद्धालुओं को मीठा एवं ठंडा जल वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने छबील में सेवा करते हुए मानवता और परोपकार का संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंची चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि उनका बलिदान हमें धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि छबील सेवा सिख परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा भाव को बढ़ावा देती है।



**बहादुरगढ़।** जल वितरित करते गुरुद्वारा के सेवादार।

## फुटवियर उद्यमियों ने बीआईएस के समक्ष रखीं समस्याएं




**बहादुरगढ़।** अधिकारियों से चर्चा करने पहुंचे प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-17 में आयोजित बीआईएस इंडस्ट्री मीट में फुटवियर उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भारतीय मानक ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं व सुझाव रखे। कार्यक्रम का आयोजन बीएफडीएस, फुटवियर पार्क एसोसिएशन व बीआईएस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

बैठक के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों को बीआईएस के वरिष्ठ अधिकारियों और ब्रांच हेड के साथ सीधे संवाद का अवसर मिला। इस दौरान उद्यमियों ने स्टॉप मार्किंग, प्रमाणपत्रों की हार्ड कॉपी समय पर न मिलने, बार-बार इंक्लूजन सबमिशन की आवश्यकता, एडवांस मार्किंग फीस, संचार के बाद जवाब मिलने में देरी सहित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में उपस्थित उद्योग जगत के प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, चरणजीत, लक्ष्य, कंवलजीत व रविंद्र आदि ने कहा कि इन समस्याओं के कारण कई बार उत्पादन और कारोबार प्रभावित होता है।



**झज्जर।** राहगीरों में शर्बत वितरित करते हुए दुकानदार।

### छबील लगाकर राहगीरों में बांटा शर्बत

**झज्जर।** बढ़ती गर्मी में लोगों को राहत दिलाने के लिए छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का सिलसिला जारी है। वीरवार को पुराना बस स्टैंड रोड पर दुकानदारों द्वारा आपसी सहयोग से छबील लगाकर राहगीरों में शीतल शर्बत वितरित किया गया। छबील के दौरान दुकानदारों के साथ छोटे बच्चों ने भी सेवा दीं। इस दौरान राजीव सोनी, जीतू, जोनू, नीतिन, अंकित सोनी, सुनील एडवोकेट, महेंद्र, प्रतीक, अमनदीप, पप्पु, छोटे, हैप्पी, अमित गुप्ता, तरुण आदि द्वारा सुबह से दोपहर बाद तक चली छबील के दौरान राहगीरों को शर्बत पिलाया।

## सार्थक परिवार ने बुझाई राहगीरों की प्यास



**बहादुरगढ़।** बालोर मोड़ पर छबील में जल वितरित करते सदस्य।

**बहादुरगढ़।** सार्थक सेवा समिति की तरफ से नजफगढ़ रोड पर बालोर मोड़ के निकट ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। करीब 650 लीटर पानी वितरित किया गया। समिति अध्यक्ष नफे सिंह सार्थक ने बताया कि छबील में स्टील के गिलास इस्तेमाल करते हुए हमेशा की तरह प्लास्टिक के गिलासों का इस्तेमाल नहीं करने का संदेश दिया गया। वीरवार की सेवा में हरिचंद रोझा, शिवमंगल पाल, ज्ञान सिंह सैनी, वजीर दहिया, आरके वशिष्ठ, महाबीर रोहिल्ला, रामानंद रंगा, सुदेश संदूजा, सुमित्रा दहिया व शम्मी आदि शामिल हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## लोगों को सरकार की योजनाओं से रूबरू करा रही प्रदर्शनी




**झज्जर।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लघु सचिवालय परिसर में चल रही प्रदर्शनी आमजन के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने का प्रभावी माध्यम बन रही है। यहां आने वाले नागरिक स्वयं योजनाओं की जानकारी लेने के साथ साथ अन्य नागरिकों को भी योजनाओं के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, विकास कार्यों, नवाचारों एवं उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

### जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

## नीट-यूजी परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डीसी वर्षा खांगवाल ने दावा किया कि 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिले में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जिला उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने वीरवार को बहादुरगढ़ लघु सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक कर नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम अभिनव सिवाच भी उपस्थित थे। केंद्रीय विद्यालय झज्जर की प्राचार्या मीता अधिकारी ने डीसी को परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारी विस्तारपूर्वक दी। इस दौरान एडीसी जगनिवास, एसडीएम झज्जर रवि मीणा, नगराधीश रीतू आदि अधिकारी वीसी से जुड़े। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, बिजली, स्वच्छ शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेंस तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी 8 परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाए।



**बहादुरगढ़।** वीसी के माध्यम से नीट-यूजी परीक्षा को लेकर निर्देश देती डीसी वर्षा खांगवाल।